26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 17 मई, 2026

अंक- 202 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# गंगा का जल मिलेगा तभी संबंध सुधरेंगे

## 30 साल पुराने फरक्का संधि के रिन्यूअल पर अड़ा बांग्लादेश

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** बांग्लादेश और भारत के रिश्तों के बीच एक बार फिर पानी बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। ढाका में आयोजित एक कार्यक्रम में बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी बीएनपी के महासचिव और ग्रामीण विकास मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने साफ कहा कि भारत के साथ अच्छे रिश्तों का भविष्य अब गंगाजल बंटवारा समझौते पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2026 में खत्म हो रही गंगा वॉटर शेयरिंग ट्रीटी को नये सिरे से बांग्लादेश की उम्मीदों और जरूरतों के मुताबिक तैयार किया जाना चाहिए।



आलमगीर ने कहा कि ढाका भारत को एक स्पष्ट संदेश देना चाहता है कि नई संधि पर जल्द बातचीत शुरू होनी चाहिए। उनका कहना था कि जब तक नया समझौता नहीं हो जाता, तब तक पुरानी संधि को जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में जल बंटवारे के समझौते किसी तय समय सीमा तक सीमित नहीं होने चाहिए। भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने के बाद गंगा को बांग्लादेश में पद्मा कहा जाता है। खेती, पीने के पानी, मछली पालन और पर्यावरण के लिहाज से यह नदी बेहद अहम मानी जाती है। बांग्लादेश का दावा है कि फरक्का बैराज की वजह से सूखे मौसम में पानी का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे कई इलाकों में खारापन बढ़ा है और खेती को नुकसान पहुंचा है। हाल ही में बांग्लादेश सरकार ने पद्मा नदी पर एक बड़े बैराज प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। यह प्रोजेक्ट 2033 तक पूरा होने की उम्मीद है। ढाका का कहना है कि इसका मकसद फरक्का बैराज के नकारात्मक प्रभाव को कम करना है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इससे नदी में गाद जमा होने और जलस्तर बढ़ने की समस्या और गंभीर हो सकती है। इससे पहले बीएनपी नेताओं ने तीस्ता जल समझौते को लेकर भी पश्चिम बंगाल की राजनीति पर निशाना साधा था। बीएनपी के नेताओं ने आरोप लगाया था कि ममता बनर्जी की सरकार की वजह से भारत-बांग्लादेश के बीच तीस्ता समझौता अटका हुआ है। साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई थी कि इससे तीस्ता वार्ता आगे बढ़ सकती है। भारत की तरफ से फिलहाल यही कहा गया है कि दोनों देशों के बीच जल विवादों को सुलझाने के लिए पहले से कई द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और बांग्लादेश 54 साझा नदियों से जुड़े मुद्दों पर नियमित बातचीत करते रहते हैं, लेकिन जिस तरह से बीएनपी सरकार ने अब गंगा समझौते को सीधे रिश्तों से जोड़ दिया है, उससे आने वाले महीनों में पानी की राजनीति दोनों देशों के रिश्तों में बड़ा मुद्दा बन सकती है।

# यूपी वाले करेंगे खेती में जेनेटिक इंजीनियरिंग का प्रयोग

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** गौ संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक खेती और रोजगार से जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक और बड़ा प्रयोग करने जा रहा है। पहली बार देश में खेती-किसानी में गोबर, गोमूत्र और माइक्रोबियल रिसर्च आधारित जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। आईआईटी कानपुर के शोधार्थियों की खोज ने खेती में गौ आधारित जीन क्रांति की नई जमीन तैयार कर दी है। इस तकनीक के जरिए तैयार होने वाली ऑर्गेनिक खाद पारंपरिक जैविक खाद की तुलना में 15 गुना अधिक प्रभावशाली होगी। इतना ही नहीं, इसकी न्यूट्रिशन क्षमता लगभग 5 गुना अधिक होगी, जबकि इसे तैयार करने में लगने वाला समय भी 10 गुना तक कम हो जाएगा। आईआईटी कानपुर के शोधार्थियों की बड़ी यह खोज तकनीक आईआईटी कानपुर के पीएचडी शोधार्थी अक्षय श्रीवास्तव ने विकसित की है। उन्होंने जेनेटिक इंजीनियरिंग, एंजाइम एक्सट्रैक्शन, माइक्रोबियल आइसोलेशन और बायोपॉलीमर डेवलपमेंट को गोबर एवं गो मूत्र आधारित प्राकृतिक संसाधनों के साथ जोड़कर हाई क्वालिटी ऑर्गेनिक और नेचुरल फर्टिलाइजर तैयार किया है। शोधकर्ताओं ने फसल-विशिष्ट माइक्रोबियल कॉन्सन्ट्रेट तैयार किया है, जिसके जरिए केवल 1 किलोग्राम माइक्रोबियल कॉन्सन्ट्रेट से करीब 2000 किलोग्राम जैविक उर्वरक विकसित किया जा सकता है। यह तकनीक खेती की लागत घटाने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ाएगी। 15 गुना कम मात्रा ही रहेगी पर्याप्त, लागत भी घटेगी। शुरुआत में 50 किलोग्राम वाले ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर बैग तैयार करने की योजना है। खेतों में इसकी जरूरत लगभग 350 से 400 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक बताई गई है, जो पारंपरिक जैविक खाद की तुलना में बेहद कम है।

# बाल्टी छूने पर अनुसूचित जाति के किशोर को नग्न कर पीटा

## जूते में पानी पिलाया, थूक भी चटवाया

**कानपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** कानपुर के सचेंडी में प्यासे अनुसूचित जाति के किशोर (16) को खुद से ऊंची जाति के युवक की पानी की बाल्टी छूना भारी पड़ गया। आरोपी संजय राजपूत ने अपने भाई दीपक, दो अन्य साथियों सागर व पटिया के साथ मिलकर किशोर से जमकर बर्बरता की। जूते पर थूककर चटवाया, फिर उसी जूते में पानी भरकर उसे जबरन पिलाया। निर्वस्त्र कर जमकर पीटा। इससे उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। लोगों के बीचबचाव करने पर उसे छोड़ा। किशोर के पिता ने चारों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सचेंडी के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि बीती दो मई की रात बेटा खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान उसे प्यास लगी तो खेत के पास स्थित संजय के मकान के सामने सरकारी पानी की टंकी के पास पहुंचा, जहां बाल्टी और जग रखा था। वह उससे पानी पीने लगा। आरोप है कि यह देख संजय, उसके भाई दीपक, साथी सागर व पटिया ने उसे जाति सूचक गालियां देनी शुरू कर दीं। इसके बाद उसके कपड़े उतरवाए और उसे मुर्गा बनाया। फिर लाठी-डंडों और लात घूसों से पीटा। इससे उसका हाथ टूट गया। जूते पर थूककर चटवाया, उसी जूते से पानी पिलाया। लोगों के जुटने पर आरोपी भाग निकले। सचेंडी इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# एमडीएस के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के एमडीएस इण्टर कॉलेज में मेधावी छात्र-सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ तथा विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना, उप प्रबंधक नीरज जैन तथा प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य नरेश कुमार वैद्य ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रतिभाओं, खेल प्रतियोगिता, सहित गृह परीक्षा, बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक डा. अतुल बहादुर सक्सेना ने कहा कि विचारों का संप्रेषण करने की कला जीवन में अति आवश्यक है। उन्होंने अच्छे परीक्षाफल के लिए संपूर्ण विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस आयोजन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी ने सभी छात्रों को अच्छे परिणाम पर बधाई एवं साधुवाद दिया। ऑल इंडिया ओपन चैंम्पियनशिप नई दिल्ली के 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल करने पर उत्तम सिंह पुत्र रेंज पाल सिंह तथा वेटलिफ्टिंग इंडियन पावर लिफ्टिंग फेडरेशन चैम्पियनशिप उदयपुर में 53 किलोग्राम भार में उज्जवल कुमार पुत्र मृत्युंजय पाल के द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी, बाल मंदिर की प्रधानाचार्या अरूणा कौशिक, वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार योगी, देव कुमार त्यागी, आलोक कुमार, सचिन गुप्ता, अशोक रवि, अंकुर चौधरी, आशु सैनी, अमन, दीपांशु, शिक्षिका मृदुला, फरहा सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर गृह एवं बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।








# दरगाह पर रखी गई नई जरीह-ए-मुबारक, जायरीनों ने की जियारत

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नज्फे हिंद जोगीपुरा में नई जरीह-ए-मुबारक रखी गई जिसकी हजारों जायरीन ने जियारत की। यूपी शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने जारी प्रेस नोट में इसके लिए मोमिनीन को दिली मुबारकबाद पेश की। मौला अली के रोजा-ए-अकदस पर नई जरीह-ए-मुबारक पुरनूर रस्म अकीदत व एहतराम के साथ पेश की गयी। दरगाह प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने हजारों जायरीन व मोमिनीन के साथ जरीह-ए-मुबारक की जियारत की। प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने जायरीनों से अपील करते हुए कहा मौला अली का दर हर मजहब के लिए खुला है। पंजाब हज कमेटी के सदस्य व दरगाह मशहद ए हिंद समाना के सेक्रेटरी सैय्यद अली हैदर ने कहा नज्फे ए हिंद जोगीपुरा मोहब्बत व इतेहाद का मरकज है, मौला अली ने उन्हे यहां जरीह-ए-मुबारक का शरफ अता किया। दरगाह पर सालाना मजलिस का आगाज 21 से 24 मई को होगा। इस मौके पर मोमिन रजा, नवाब अली, नसीमुल हसन बाकरी, नायर नकवी, हैदर अली, अमजद अली, साईद अब्बास, कामरान जैदी, सिराज जैदी, मोहम्मद अब्बास उर्फ मुन्ना, चौधरी उरूज आलम, मौलाना फिरोज आदि मौजूद रहे।








# समर कैम्प में छात्राओं को स्थानीय व्यंजनों व मसालों की जानकारी दी गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में समग्र शिक्षा माध्यमिक के निर्देशन में आयोजित समर कैम्प के चतुर्थ दिवस पर छात्राओं को स्थानीय व्यंजनों, मसालों, सब्जियों एवं फलों की विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्थानीय खान-पान, पारंपरिक पाक कला तथा पोषण संबंधी ज्ञान से परिचित कराना रहा। शिक्षिका शिल्पी वर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने विभिन्न स्थानीय व्यंजनों की सूची तैयार की तथा उनसे संबंधित आकर्षक पोस्टर बनाये। इसके साथ ही पाक कला गतिविधि के अंतर्गत छात्राओं ने स्वयं विभिन्न प्रकार के स्थानीय व्यंजन बनाना भी सीखा। इस गतिविधि में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता व कौशल का प्रदर्शन किया। शिक्षिका शिल्पी वर्मा ने कहा कि समर कैम्प की गतिविधियां छात्राओं में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच व जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को समर कैम्प सहित अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। समर कैम्प में अमीर जहां, अलीशा, समीरन, इकरा, मुस्कान, मनीषा, वंशिका सहित अनेक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



# शिव मंदिर मैढ सभा में धूमधाम से मनाई गई शनि देव की जयंती

धामपुर (चिंगारी)। मोहल्ला खातियान स्थित सुनारो वाले शिव मंदिर मैढ सभा में शनि देव जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। प्रातः नरेश वर्मा तथा सौरभ वर्मा ने शनि देव की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराकर उनका चोला परिवर्तित किया। महिलाओं द्वारा शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। उमा वर्मा ने बताया कि महादेव ने इनका सृजन न्याय के देवता के रूप में किया था, लेकिन समय पर इन्होंने अपने गुरु महादेव को तथा अपने पिता सूर्य देव के साथ भी निष्पक्ष न्याय किया था। शनि देव की पूजा उनकी सीधी दृष्टि से बचकर करनी चाहिए, क्योंकि इन्हें अपनी पत्नी से श्राप मिला था। इसके अतिरिक्त नमीता वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, उमा वर्मा , रचना शर्मा द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा ,नेहा वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, चाहत वर्मा, स्वाति वर्मा, दीपा वर्मा, ममता वर्मा, नमीता वर्मा, शशि वर्मा, अनीता वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पूनम वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू तोमर, सोमवती, प्रेमवती, रेनू गर्ग, मंजू, प्रेमो तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही।



# पुलिस से भिड़े लुटेरे, पैर में गोली लगने से एक हुआ लंगड़ा

## शुक्रवार की रात को दो लोगों से नकदी, मोबाइल फोन व बाइक लूटी थी

### पकड़े गये बदमाशों में से दो नाबालिग

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बाइक लूट कर फरार हुए तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में लगने से लंगड़ा हो गया।

मालूम हो कि शुक्रवार की रात को कार सवार बदमाशों ने हरेवली स्थित सावित्री देवी फूले इंटर कालेज के पास लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों ने घर लौट रहे शिवकांत और शौराम निवासी ग्राम कुराली थाना बढ़ापुर से तमंचे की नोक पर बाइक, 700 रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया था। घटना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई थी। पीड़ितों द्वारा अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि लूटी गई मोटरसाईकिल की बरामदगी के लिये पुलिस शनिवार की रात को भगौता तिराहे के पास वाहन चैकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखायी दिये। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने रूकने के बजाए पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने पीछा करते हुए आत्मरक्षार्थ गोली चलायी जो एक बदमाश के पैर में जा लगी। गोली लगते ही वह लड़खड़ा कर गिर पड़ा। उसके दोनों साथी भी गिर गये। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। गोली लगने से लंगड़े हुए बदमाश की पहचान निकुंज पुत्र राकेश सिंह निवासी टांडा गोरा विक्रमपुर थाना बाजपुर जनपद ऊधमसिंह नगर ( उत्तराखण्ड) के रूप में हुई। उसे उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया है। पकड़े गये दो अन्य बदमाश नाबालिग हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटी गई मोटर साईकिल, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में एक की मौत

बिजनौर ( चिंगारी )। रविवार के तड़के यहाँ बैराज रोड पर पेट्रोल पंप के सामने दो ट्रकों भिड़ंत में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मृत चालक की पहचान रविन्द्र पुत्र लालाराम के रूप में हुई है। वह शहपुर बलियान फरीदपुर बरेली का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

**हम आप को आज भी बहुत याद करते हैं तथा आपके आदर्शों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।**



**पंचम पुण्यतिथि**

स्वर्गीय मांगेराम को ( 17-5-2026 ) आपकी आज पंचम पुण्यतिथि पर हमारा परिवार अश्रुपुरित नेत्रों से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करता है।

राजकली ( पत्नी ) मनोज कुमार-अंजु रानी, ग्राम प्रधान ( पुत्र-पुत्रवधू ), संजीव कुमार-पूनम ( पुत्र-पुत्र वधू ), रोहिनी व विधि सिंह ( पौत्री ), जयंत कुमार ( पौत्र ) एवं समस्त परिवार ग्राम फरीदपुर निजाम, पोस्ट डल्लू धनौरा, जिला बिजनौर।

**धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड**
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
**विशेष लोन सुविधा**
Salaried Loan
अब खास आपके लिए

**लोन लेना हुआ और भी आसान**
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

**हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?**
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

**पात्रता (Eligibility)**
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
**हीरो अब शानदार ऑफर के साथ**



**1 मई से 31 मई तक**

**CASH DISCOUNT OFFER**

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

**आवश्यकता है**
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर

**कविता मोटर्स**
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# शिकायतों का करें निस्तारण, या बतायें ठोस कारण

**नगीना ( चिंगारी )।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को जरूर अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता की शिकायत तथ्यहीन पाई जाती है तो भी उसे उस बात की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

शनिवार की सुबह तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो गया। ग्राम हरबंशपुर धारम के सरकारी स्कूल में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए छात्र हरीश को गोद में उठाकर उसके पिता तहसील दिवस में लेकर पहुंचे। उन्होंने अपने पुत्र का समुचित इलाज कराने व सरकारी मदद की गुहार लगाई। इस मौके पर एसडीम विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी, नायब तहसीलदार श्याम सुंदर, एसडीओ विद्युत रामकेश सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




# नहटौर के गैंगस्टर सुरेश को 3 साल की सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष सत्र न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) अल्का चौधरी ने समाज विरोधी क्रियाकलापों में शामिल और जनता में भय व्याप्त कर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर क्षेत्र में अपराध करने के मामले में नहटौर के गैंगस्टर सुरेश को 3 साल की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सलीम अख्तर के अनुसार थाना कोतवाली शहर बिजनौर में तैनात तत्कालीन इंस्पेक्टर गुरदीप ग्रेवाल ने सूचना के आधार पर 2 जून 2010 को नहटौर थाना क्षेत्र के सुरेश पुत्र दयाराम व मोहल्ला मौलवियान के उसके साथी परवेज पुत्र शमीम अहमद को गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया था। दोनों ने एक गिरोह बना रखा है। इस गैंग का लीडर परवेज अहमद है। ये लोग अपने आर्थिक लाभ के लिए संगीन अपराधों को अंजाम देते हैं। इन लोगों के खिलाफ बिजनौर थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनके आतंक की वजह से जनता का कोई व्यक्ति उनके खिलाफ गवाही देने का साहस नहीं करता है। न्यायालय ने विचारण के दौरान परवेज की पत्रावली सुरेश से अलग कर उसका विचारण किया। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्का चौधरी ने अपराध सिद्ध पाकर सुरेश को तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

# जिला कारागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बिगुल फूंका, कैदियों को सिखाए योग के गुर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में जिला कारागार बिजनौर में एक भव्य योग शिविर का आयोजन कर योग दिवस का शंखनाद किया गया। यह कार्यक्रम योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार और सचिव अनंत कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

शिविर में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह ने मुख्य योगाचार्य की भूमिका निभाई। उन्होंने जेल के कैदियों सहित जेल अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योग क्रियाओं का गहन अभ्यास कराया। शिविर के दौरान ग्रीवाचालन, स्कंध चालन, कटि चक्रासन, घुटना चालन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, धनुरासन, वृक्षासन, गोमुखासन, वज्रासन, दंडासन, उत्तानपादासन, सर्वांगासन, शीर्षासन, नौकासन और मयूरासन जैसे महत्वपूर्ण आसनों का प्रदर्शन और अभ्यास किया गया। इसके साथ ही प्राणायाम सत्र में चंद्रभेदी, अग्निसार, भ्रामरी, कपालभाति और अनुलोम-विलोम का भी अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कैदियों को संबोधित करते हुए डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर हम अपने विचारों की दिशा बदल लें, तो हमारे कुटुंब, परिवार और पूरे राष्ट्र की दशा बदल सकती है। विचारों में यह सकारात्मक परिवर्तन तभी संभव है जब हमारा आहार सात्विक हो। उन्होंने कैदियों से आह्वान किया कि वे जेल से रिहा होने के बाद समाज की मुख्यधारा में लौटकर एक नये और आदर्श राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। इसके साथ ही उन्होंने स्वदेशी अपनाने, विदेशी सामान का परित्याग करने, डीजल-पेट्रोल की बचत करने और छोटे-छोटे कार्यों के लिए साइकिल का प्रयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद जिला जेलर रविंद्र नाथ ने सभी कैदियों को जेल परिसर और जीवन में अनुशासन का पालन करने की सीख दी। उन्होंने कारागार में इस तरह के प्रेरणादायक और स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी योगाचार्यों और ट्रस्ट का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। इस योग शिविर में आयुर्वेदाचार्य डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. महिपाल सिंह, रामनाथ सिंह, बरम सिंह सहित बड़ी संख्या में योग साधक, जेल प्रशासन के अधिकारी और बंदी उपस्थित रहे।




# रोज़गार का देकर झांसा हरपाल सिंह को फांसा

## रात के अंधेरे में ले उड़े गाड़ी व सामान, तीन के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव रोशनपुर जागीर निवासी हरपाल सिंह पुत्र शिवचरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देहरादून निवासी मनीष पुत्र हरीशचन्द्र अपने बहनोई राजेश कुमार पुत्र जसवन्त सिंह निवासी ग्राम झीरन के यहां पर रहता था। मनीष एक अन्य व्यक्ति विजय निवासी झीरन को लेकर उसके घर आया उक्त तीनों व्यक्तियों ने उससे कहा कि हमें लिथियम ई-रिक्शा बैटरी बनाने का काम करने व ई रिक्शा व इलेक्ट्रिक स्कूटी बेचने का काम करना है, तुम हमें अपनी दुकान व मकान किराये पर दे दो। हम तुम्हें 5 हजार रुपये महीना किराया देंगे। तुम भी इसमें पार्टनरशिप कर लो। उक्त तीनों व्यक्तियों ने उसे झांसे में लेकर धीरे-धीरे उसके करीब 30 लाख रुपये उक्त काम में लगवा दिये। आरोप है कि कुछ समय के बाद मनीष मकान व दुकान में रखा सामान बगैर बताए रात्रि में भरकर ले गया। साथ ही उसके साढू के लड़के कुलदीप सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह डस्टर गाड़ी भी ले गया। इस बात का पता लगने पर जब उसने मनीष से अपने रुपये मांगे व गाड़ी को पूछा तो मनीष ने कहा न गाड़ी दूंगा और न ही पैसे, न कोई सामान दूंगा। मनीष ने रुपये वापस करने से साफ तौर पर मना कर दिया। पीड़ित ने मनीष द्वारा षड्यंत्र रचकर हड़पी गई रकम गाड़ी व सामान वापस दिलाने की गुहार एसपी से लगाई है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोप में तीनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# लखनऊ यूनिवर्सिटी पेपर लीक कांड में बिजनौर का असिस्टेंट प्रोफेसर गिरफ्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजधानी लखनऊ स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रा से कथित अश्लील बातचीत और परीक्षा का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार असिस्टेंट प्रोफेसर का संबंध बिजनौर जनपद से है। आरोपी प्रोफेसर हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द का निवासी बताया गया है। घटना सामने आने के बाद जिले भर में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार आरोपी लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात था। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक ऑडियो क्लिप में वह एक छात्रा पर मिलने का दबाव बनाते हुए कथित तौर पर परीक्षा के दो पेपर आउट कराने की बात कहता सुनाई दे रहा है। ऑडियो वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया और परीक्षा नियंत्रक की तहरीर पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है। लखनऊ पुलिस के अनुसार आरोपी पर छात्रा से अमर्यादित व अश्लील बातचीत करने के साथ परीक्षा प्रश्न पत्र लीक करने का प्रलोभन देने जैसे गंभीर आरोप हैं। मामले की जांच जारी है। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रा की गोपनीयता बनाए रखने की बात कही है। घटना के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समेत विभिन्न छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना है कि इस प्रकरण ने गुरु-शिष्य परंपरा और विश्वविद्यालय की साख को ठेस पहुंचाई है। उधर बिजनौर जिले में भी घटना को लेकर लोगों में हैरानी और नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर मध्यमवर्गीय किसान परिवार से संबंध रखता है। परिवार में तीन भाई-बहन बताए जाते हैं। गांव के लोगों का कहना है कि उन्हें इस घटना पर पहले विश्वास ही नहीं हुआ। क्षेत्र में पूरे दिन यही मामला चर्चा का विषय बना रहा। कई लोगों ने कहा कि प्रोफेसर की करतूत से जिले की छवि धूमिल हुई है। गौरतलब है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में पेपर लीक का मामला पहली बार सामने नहीं आया है। वर्ष 2019 में भी एलएलबी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का मामला सामने आया था, जिसमें कई लोगों पर कार्रवाई हुई थी। अब एक बार फिर पेपर लीक और प्रोफेसर की भूमिका को लेकर विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है।

# 25 करोड़ की कथित ठगी की घटना से अधिकारियों में हड़कंप मचा

## 3000 लोगों से निवेश के नाम पर लिया गया पैसा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले में निवेश के नाम पर करीब 20 से 25 करोड़ रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शनिवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे पीड़ितों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों के अनुसार पांच लोगों ने मिलकर एक ग्रुप बनाया था, जो ऑनलाइन मीटिंग और व्यक्तिगत मुलाकातों के माध्यम से लोगों को पैसा निवेश करने पर हर महीने मोटा मुनाफा देने का लालच देते थे। आरोप है कि इन लोगों ने फर्जी कंपनी और मंथली इनकम से जुड़े वीडियो दिखाकर लोगों का भरोसा जीता और निवेश के लिए प्रेरित किया। शिकायती पत्र में बताया गया है कि आरोपियों ने अलग-अलग बैंक खातों और नकद रकम के जरिए करीब 3000 लोगों से निवेश कराया। आरोप है कि इस तरीके से लगभग 20 से 25 करोड़ रुपये की ठगी की गई। पीड़ितों का कहना है कि शुरुआत में उन्हें अच्छे मुनाफे का भरोसा दिया गया, लेकिन बाद में भुगतान बंद कर दिया गया। जब निवेशकों ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने उन्हें आत्महत्या करने, फर्जी मुकदमों में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी दी। तहसील पहुंचे लोगों ने प्रशासन से आरोपियों की संपत्तियों की जांच कराने, तत्काल मुकदमा दर्ज करने और पीड़ितों की रकम वापस दिलाने की मांग की है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना को लेकर जिले में चर्चा का माहौल बना हुआ है। शिकायतकर्ताओं में रामानंद सागर, जादीश, आर्यन, सचिन, नीलकमल, कमल, आभा आदि शामिल रहे।

## मदरसों में गुरुकुल खुलवाकर गंगा-जमुनी तहजीब का सुबूत दें मुसलमान - साध्वी प्राची

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंगा भी हिंदुओं की है और जमुना भी, मुस्लिम समाज के पास तो केवल तहजीब है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज अपने मदरसों में गुरुकुल विद्यालय खुलवाकर गंगा-जमुनी तहजीब का सुबूत दें। यह बात भाजपा की फायर ब्रांड नेता साध्वी प्राची ने कही।



बिजनौर के प्राचीन मां कालिका मंदिर में आयोजित भगवान शनिदेव जन्मोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आईं साध्वी प्राची ने मंदिर परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अगर मदरसों में गुरुकुल खुलेंगे तो उसमें से देशभक्त निकलेंगे, त्यागी निकलेंगे, समर्पण करने वाले निकलेंगे, एक भी आतंकवादी नहीं निकलेगा। उन्होंने भोजशाला को लेकर आए कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि हम केवल सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हैं। ईश्वर के आशीर्वाद से कोर्ट ने हमें राम मंदिर भी सौंप दिया है और अब भोजशाला भी मिल गई। कृष्ण जन्मभूमि हमारी ही है। उन्होंने ईंधन बचत और सोना न खरीदने के लिए मोदी जी द्वारा की गई अपील को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमारे देश के सभी धर्म के लोगों को मोदी जी की अपील का पालन एक साल की बजाये 2 साल तक करके खुद के देशभक्त होने का सबूत देना चाहिए। उन्होंने देश के प्रमुख नेताओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ईंधन की बचत तो करें, लेकिन ईंधन बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी, सुवेंदु अधिकारी और हेमंता विश्वशर्मा जैसे प्रमुख नेताओं की सुरक्षा से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने मोदी-योगी के विरोध में देश का विरोध करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोगों को आत्म चिंतन करना चाहिए कि वह किसका विरोध करते-करते किसका विरोध करने लगे हैं। पश्चिम बंगाल में मिली बम्पर जीत पर उन्होंने कहा कि जो नेता आईसीयू में थे, वे वेंटिलेटर पर पहुंच गए हैं और जो वेंटिलेटर पर थे वे निर्जीव हो गए हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पुनः भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी।

## टैक्स बार एसोसिएशन बिजनौर की कार्यकारिणी गठित








एस.एस. मारबाड़ी | मो. हाशिम | अर्जुन गौड़ | शशांक राजपूत | मुकेश कुमार | अभिषेक अग्रवाल

### अधिवक्ता हित में कार्य करते रहने का आह्वान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** टैक्स बार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक टैक्स बार कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अधिवक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करते रहने व अपनी एकता को और अधिक मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान कार्यकारिणी गठन पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को ही सुचारू रूप से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत एस.एस. मारबाड़ी को अध्यक्ष, मो. हाशिम को उपाध्यक्ष, अर्जुन गौड़ को महासचिव, शशांक राजपूत को कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार को संयुक्त सचिव तथा अभिषेक अग्रवाल को मीडिया प्रभारी चुना गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता हित सर्वोपरि है। संगठन हमेशा बार के सदस्यों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिवक्ता के सम्मान को ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी। साथ ही बार में नये अधिवक्ता सदस्यों को भी शामिल किया गया। बैठक में एस.एस. मारबाड़ी, मो. हाशिम, अर्जुन गौड़, नीरज देशवाल, अभिषेक अग्रवाल, मुकेश कुमार, स्वतंत्र भारद्वाज, विपुल विश्नोई, शशांक राजपूत, मो. तारिक, शिवम वर्मा, सचिन गौड़, बाल सिंह, इंद्रजीत जोशी, शिवानी मुल्तानी, हिमांशु आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पीएनजी गैस कनेक्शन धारकों को नहीं मिलेगा घरेलू एलपीजी का लाभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपदवासियों को सूचित करते हुए बताया कि बिजनौर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) सप्लाई उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है, वे शीघ्र अपना कनेक्शन सक्रिय करा लें, क्योंकि नये नियमों के अनुसार पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध होने पर घरेलू एलपीजी गैस का लाभ नहीं दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि राधे कृष्ण कुंज, कृष्णपुरम, शांति निकेतन, प्रेम नगर, आदर्श नगर, राणा एन्क्लेव, श्याम विहार, मयूर विहार, दयानंद कॉलोनी, आनंद विहार, शांतिपुरम, दयाल कुंज, प्रगति विहार, चंद्रलोक कॉलोनी, साईं सिटी, हयात नगर, चामुंडा कॉलोनी, इंदरलोक सिटी, अशोक विहार, सरोजिनी नगर, शिवलोक सिटी, आदमपुर, भरत विहार, महादेव पुरम, तैमुरपुर, साई विहार, वैष्णो विहार, आवास विकास कॉलोनी, सुरेंद्र नगर एवं रामबाग सहित कई क्षेत्रों में पीएनजी आपूर्ति शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया जा चुका है तथा कई घरों में पाइपलाइन और मीटर भी लगाए जा चुके हैं। ऐसे में जिन लोगों ने अभी तक अपना कनेक्शन सक्रिय नहीं कराया है, वे जल्द प्रक्रिया पूरी करें ताकि उन्हें निर्बाध गैस आपूर्ति का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18008430492 अथवा मोबाइल नंबर 9412087899 पर संपर्क कर अपना पीएनजी कनेक्शन सक्रिय एवं निर्गत कराने की अपील की है।




## अरुण कुमार भाकियू से निष्कासित, दो को पदमुक्त किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक में अनुशासनहीनता करने पर जिला स्तर के दो पदाधिकारियों पदमुक्त एवं बिना जिलाध्यक्ष के अनुमोदन के बने ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार को संगठन से निष्कासित कर दिया गया।

शनिवार को ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन की बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने जिला संरक्षक मा. विजयपाल सिंह, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, जिला संरक्षक चौ. महेंद्र प्रधान एवं कार्यालय प्रभारी रोहित राणा, धामपुर तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह आदि की मौजूदगी में नहटौर ब्लॉक की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिला उपाध्यक्ष सुजीव कुमार एवं जिला सचिव जगत सिंह को पद मुक्त कर दिया। साथ ही अरुण कुमार को संगठन से निष्कासित करने की घोषणा की। बता दें कि हाल ही में कुछ कार्यकर्ताओं ने बैठक कर अरुण कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया था, जबकि संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान द्वारा फुलसंदा निवासी विकास कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया था।

# हिंदू लड़की बुर्का पहनकर जा रही थी प्रेमी के साथ, शक होने पर बिगड़ गई बात

## भीड़ ने पकड़कर पुलिस को दिया

किरतपुर ( चिंगारी )। कल दोपहर यहां मुख्य बस स्टैंड पर उस समय भीड़ इकट्ठा हो गई, जब बुर्के में असहज दिख रही एक युवती के बारे में पता चला कि वह हिंदू है। पुलिस युवती व उसके साथ खड़े युवक को थाने ले गई। युवती ने बताया कि पहचान छिपाने के लिये उसने बुर्का पहन लिया था। बताया जाता है कि बस स्टैंड पर एक युवक-युवती खड़े बाते कर रहे थे। युवती बुर्के में असहज दिख रही थी। शक होने पर कुछ लोगों ने उनसे पूछताछ की तो भीड़ इकट्ठा हो गई। घबराई सी दिख रही युवती ने बिना देर किये बता दिया कि वह हिंदू है। उसने पहचान छिपाने के लिये बुर्का पहन रखा है। युवक ने बताया कि वह भी हिंदू है। दोनों एक ही बिरादरी के हैं। युवक ने बताया कि वह झालू के पास के गांव का रहने वाला है, जबकि लड़की एक कस्बे की है। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। दोनों बालिग थे। पुलिस ने युवक-युवती को हिदायत देकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे गोल्ड मेडल से सम्मानित

नजीबाबाद ( चिंगारी )। इम्पीरियल इंटरनेशल स्कूल के बच्चों ने दिल्ली ताईक्कांडो एसोसिएशन (पंजीकृत) की ओर से ताल कटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 13 से 15 मई 2026 तक आयोजित 12 वीं ओपन नेशनल ताईक्कांडो चैम्पियनशिप में भाग लिया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 11 मैथ्स के शौर्य त्यागी व जतिन तोमर ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने चैम्पियनिशप में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक जीतकर अपने स्कूल व कोच वंशिका चौहान का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के चेयरमैन ओमप्रकाश राजपूत व विद्यार्थियों से संबधित अध्यापकों का शुभकामनाएं दीं। डायरेक्टर एकेडमिक एवं प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत ने विजेता विद्यार्थियों को भविष्य में इसी प्रकार से मेहनत व लगन से अपनी प्रतिभा को बनाये रखने का आशीर्वाद दिया।



## पीड़ित वृद्धा ने मुख्यमंत्री से लगाई अपनी व परिवार की सुरक्षा की गुहार

नजीबाबाद ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के ग्राम फजलपुर तबेला निवासी 70 वर्षीय वृद्धा आमना ने थाना प्रभारी नजीबाबाद को संबोधित प्रार्थना पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में कहा गया है कि उसके गांव के एक परिवार के चार लोग उसके परिवार से जातीय रंजिश रखते हैं, जो आए दिन उसके परिवार के लड़कों पर हमला करते रहते हैं। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से अपनी व लड़कों की जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसने सीजेएम बिजनौर के न्यायालय में भी वाद दायर किया था, यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। फैसला करने के लिए एक आरोपी जो तांत्रिक है आएदिन उस पर दबाव बनाता रहता है। पीड़ित महिला को अपने बच्चों की जान का खतरा है इसलिए वह फैसला नहीं करती। आरोप है कि 12 मई 2026 को उक्त आरोपी लाठी-डंडे लेकर एक राय होकर उसके घर में आ घुसे तथा गंदी-गंदी गालियां देते हुए पीड़िता पर जानलेवा हमला कर उसे व बेटे को घायल कर दिया। पीड़िता अपने पुत्र के साथ थाना नजीबाबाद गई घटना की लिखित तहरीर दी अपना मेडिकल कराने के लिए कहा। इसी दौरान आरोपी थाने पहुंच गए और उन्होंने अपनी सेटिंग कर रिपोर्ट लिखा ली। जबकि उसे रसीद भी नहीं दी गई। बाद में उसके एसपी कार्यालय बिजनौर पहुंचने पर थाना प्रभारी ने पीड़ित महिला को समीपुर अस्पताल भेज कर मेडिकल कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मगर मुल्जिमान पीड़िता व उसके परिवार को गांव से उजाड़ने व उसके लड़कों को जेल भिजवाने की धमकी देते खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित महिला ने अपनी व अपने लड़कों की जान की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराने की मांग की है।

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत के निर्माण का एक मुख्य स्तंभ है: जेपी सिंह

नजीबाबाद ( चिंगारी )। करप्शन फ्री इंडिया नैशनल कांफ्रेंस तपोवन देहरादून में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कांफ्रेंस का शुभारंभ राष्ट्रगान, वंदे मातरम के उद्घोष व तपोवन यज्ञशाला में मंत्री श्याम आर्य के सानिध्य में राष्ट्र रक्षा वैदिक यज्ञ से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सपत्नीक मुख्य यज्ञमान बने। नई दिल्ली से मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जगदम्बा प्रसाद सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत के निर्माण का एक मुख्य स्तंभ है, जिसके लिए सरकार सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक व राजनीतिक संस्थाओं सहित जन-जन के सहयोग से जीरो टॉलरेंस नीति, डिजिटल शासन डिजिटलीकरण व जन जागरूकता के माध्यम से भ्रष्टाचार के पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है। एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्मेंट के नेशनल इवेंट कोऑर्डिनेटर गोल्ड मेडलिस्ट आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य ने कहा कि देश की सुख, समृद्धि, शांति, समृद्धि, उन्नति एवं प्रगति का मुख्य आधार भ्रष्टाचार मुक्त शासन एवं प्रशासन सुव्यवस्था होती है जिसके लिए सामूहिक प्रयास की परम आवश्यकता है। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि जेपी सिंह व उनकी धर्मपत्नी सोशल एक्टिविस्ट जया सिंह का वैदिक साधन आश्रम तपोवन, सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया व एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट की ओर से सत्यार्थ अभिनंदन सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वैदिक साधन आश्रम तपोवन के मंत्री श्याम आर्य, एसीआईडी स्टेट डायरेक्टर उत्तराखंड रिंकू खंडेलवाल, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर लाइसन वंशिका वर्मा वंशू, असिस्टेंट डायरेक्टर पुलिस सैल अब्दुल जब्बार सैफी, महिला अधिकार सुरक्षा संगठन से आरिफ खान आदि उच्च अधिकारीगण मौजूद थे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# घर में घुसे मादा गुलदार को पकड़ा जाल बिछाकर पिंजरे में जकड़ा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम लालपुर सोजीमल में एक घर के अंदर से रेस्क्यू किये गये मादा गुलदार को मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक लखनऊ के आदेश पर जिले के बाहर वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

ज्ञातव्य है कि कुत्ते का शिकार करने के चक्कर में एक गुलदार नांगल थानांतर्गत ग्राम लालपुर सोजीमल निवासी वेदप्रकाश उर्फ मुन्नू शर्मा के खेतों से सटे घर में शुक्रवार की रात्रि 9 बजे घुस गया था। यह देख दहशत में आया परिवार भाग खड़ा हुआ था, मगर बाद में अन्य ग्रामीणों की मदद से घर का दरवाजा बंद कर गुलदार को अंदर कैद कर लिया था। सूचना पर डायल 112 की पीआरवी, थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर, राजगढ़ रेंजर देव ऋषि सक्सेना, वन दरोगा योगेश कुमार आदि


घर के अंदर से रेस्क्यू किया गया गुलदार

मौके पर पहुंचे थे। वन विभाग की टीम ने छत पर जाल फैलाकर घर के दरवाजे पर पिंजरा लगाया था, मगर पूरी रात गुलदार पिंजरे में नहीं फंसा था। शनिवार को तड़के पिंजरे के लिविंग बाइट कंपार्टमेंट में एक बकरी को रखा गया था, जिसका शिकार करने के लालच में गुलदार पिंजरे में फंस गया था। वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर गुलदार को राजगढ़ रेंज ऑफिस लेकर चली गई थी। कल दोपहर उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सावंत मनोहर सिंह ने राजगढ़ रेंज कार्यालय पहुंचकर रेस्क्यू किये गये गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण किया था। उनकी रिपोर्ट के अनुसार गुलदार पूर्ण स्वस्थ था। यह मादा गुलदार था तथा इसकी आयु लगभग 3 वर्ष थी। गुलदार को मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक लखनऊ के आदेश पर प्राकृतिक वास हेतु वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया है। डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि रेस्क्यू किये गये गुलदार को जिले के बाहर ले जाकर छोड़ा गया है।

# अब और ज्यादा दिखाई देंगे गुलदार, इंसानों को हमलों के लिये रहना होगा तैयार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गन्ने की फसल कट जाने के बाद गुलदार अब ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। अब आयेदिन गुलदार दिखाई देने और उसके हमलों की खबरें सुनने को मिल सकती हैं। इंसानों को गुलदारों के हमलों से बचाव को तैयार रहना होगा।

गुलदारों का प्राकृतिक वास वन होते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों में गुलदारों ने खेतों की ओर तेजी से रुख किया है। उन गुलदारों ने गन्ने के खेतों को ही अपना प्राकृतिक वास बना / समझ लिया है। इस समय गन्ने के खेत पूरी तरह से खाली हो चुके हैं। गन्ने की पेडी और पौधा फसल अभी छोटी है। वहां गुलदारों का ठहरना/छिपना मुश्किल है। जब से गन्ने की फसल कटी है, गुलदार अक्सर दिखाई दे रहे हैं। बरसात में गन्ने की फसल बड़ी तो हो जाती है, मगर खेतों में पानी भरा रहने तथा अत्यधिक नमी मौजूद होने के कारण गुलदार खेतों में बैठ/ रुक नहीं पाते हैं। उस समय वे सूखे स्थान की तलाश में इधर-उधर दौड़ते हैं। बरसात गुजरने के बाद गन्ने की फसल भी काफी बड़ी हो जाती है और मौसम में ज्यादा गर्माहट भी नहीं रह जाती है, तब गुलदार गन्ने के खेतों को अपना आशियाना बना लेते हैं। यानी बरसात तक गुलदार खेतों में अक्सर दिखाई देने की आशंका है। आते-जाते लोगों पर गुलदारों के हमले भी बढ़ सकते हैं। इन परिस्थितियों से निपटने के लिये इंसानों को तैयार रहना होगा। यदि इंसान सावधान नहीं रहेंगे, तो गुलदारों के हमलों में इंसानी जिंदगियों को जाना तय है। गुलदार छिपकर और घात लगाकर हमले करते हैं, इसलिये इनके हमले बड़े सटीक होते हैं।

## बरसात के आसपास बढ़ते हैं हमले

**हर साल बरसात के आसपास गुलदारों के हमले बढ़ते हैं। जिले में हर साल कई इंसानी जिंदगियों को गुलदार अपना निवाला बना लेते हैं। खेतों में घास काटते मजदूर, काम करते किसान, खेतों के पास से गुजरते बच्चे गुलदारों का शिकार बन जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में गुलदारों के हमले बहुत ज्यादा बढ़े हैं। इनकी संख्या में भी खूब बढ़ोतरी हुई है। शायद ही कोई गांव ऐसा होगा, जिसके जंगल में गुलदार मौजूद न हो।**

# यूपी ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड स्टाफ ने बैंक के चहुंमुखी विकास की संभावनाओं पर चर्चा की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित गोष्ठी में बैंक के वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों द्वारा सम्मिलित होकर बैंक के चहुंमुखी विकास और व्यवसाय-बढ़ोत्तरी की संभावनाओं पर चर्चा की गई। गोष्ठी में बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह शीमार, उपक्षेत्रीय प्रबंधक अर्चित रस्तौगी व शाखा सिविल लाइंस, बिजनौर के मुख्य प्रबंधक चंद्रपाल सिंह तथा बैंक के निवर्तमान/भूतपूर्व क्षेत्रीय प्रबंधकों शीलचंद सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित बैंक का सेवानिवृत्त स्टाफ उपस्थित था।

गोष्ठी में बोलते हुए बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह शीमार ने कहा कि बैंक अपनी समस्त एसेसट्स और लाइबिलिटीज़ के समुचित निर्वहन के प्रति उत्तरदायी है और इसी परिप्रेक्ष्य में कहना चाहता हूं कि बैंक का सेवानिवृत्त स्टाफ, जो हर दृष्टि से वरिष्ठ है, बैंक के एसेट्स की श्रेणी में आता है और सम्माननीय है। अतएव बैंक के समस्त वर्तमान स्टाफ को चाहिए कि वह अपने वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों के सम्मान में कोई कमी न आने दें। बैंक के उपक्षेत्रीय प्रबंधक अर्चित रस्तौगी ने कहा कि हमारे युवा साथी, बैंक के सेवानिवृत्त साथियों की मदद से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा को सीखें, जिस कारण बैंक पिछले अनेक वर्षों से लाखों ग्राहकों के दिलों में जगह बनाए हुए है। गोष्ठी में वरिष्ठ सेवानिवृत्त स्टाफ राजेन्द्र सिंह, शीलचंद सिंह (सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक), योगेन्द्रपाल सिंह (सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक), दीपक रस्तौगी (सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक), संजीव अग्रवाल (वरिष्ठ प्रबंधक) ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि उन्होंने तब से बैंकिंग शुरू की है, जब बचत खाता मात्र पांच रुपए से खुलता था। तब बैंक में ग्राहकों के लिए आज की तरह बहुत सारी योजनाएं नहीं होती थीं। आज स्थिति बदल गई है और हम सभी को चाहिए कि बैंक योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करें तथा ग्राहक सेवा में किसी प्रकार की कोई कमी न आने दें। उन्होंने कहा कि बेहतर सुविधाएं प्रदान करना ही ग्राहक संतुष्टि का पैमाना होता है। गोष्ठी में बैंक के सेवानिवृत्त स्टाफ पंकज अग्रवाल, दीपक रस्तौगी, इन्द्रदत्त शर्मा, जितेन्द्र कुमार जीत, स्वतंत्रवीर सिंह आदि उपस्थित हुए। गोष्ठी में शाखा सिविल लाइंस शाखा का समस्त स्टाफ भी मौजूद था। बैंक की सिविल लाइंस शाखा के मुख्य प्रबंधक चंद्रपाल सिंह ने गोष्ठी का संचालन किया। यह गोष्ठी बैंक की सिविल लाइंस शाखा पर सम्पन्न हुई।

# परीक्षा में पाया उत्कृष्ट स्थान, अनुज का हुआ सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में इंटर की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले डीएवी स्कूल के छात्र अनुज बड़थ्वाल को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद अनुज के दादा गोपालकृष्ण बड़थ्वाल ने बताया कि अनुज ने शुरू से ही अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखा और अनुशासित जीवन व्यतीत किया। कहा कि अनुज ने अपने परिश्रम एवं लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

तत्पश्चात परिषद के सदस्यों द्वारा अनुज का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया गया।

मौके पर परिषद की ओर से भविष्य में भी मेधावी छात्रों को इसी तरह प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह नेगी, बलवान सिह रावत, नरेंद्र सिंह रावत और वंश घिल्डियाल सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# अमरोहा ने जीत ली हरीश वर्मा मेमोरियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता




**बिजनौर (चिंगारी)।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में चल रहे प्रथम स्व. हरीश कुमार वर्मा मेमोरियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता का फाइनल मैच किरतपुर इलेवन और अंसारी वॉरियर्स के बीच 11.00 बजे से शुरू हुआ, जिसमें टॉस किरतपुर ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.2 ओवर में 119 रन बनाए, जिसमें यशु प्रधान 38, राहुल ढाका का 28 रनों का योगदान रहा। अमरोहा की ओर से अमन नवाब व मोहम्मद वसीम ने 3-3, मोहम्मद नबील ने 2 विकेट लिए। जवाब में अमरोहा ने 11.4 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर जीत प्राप्त की, जिसमें अमन नवाब ने नाबाद 44, यश 43, नयन गुप्ता ने 19 रनों का योगदान दिया, किरतपुर की ओर से मात्र 1 विकेट कैफ मतीन ने लिया। मैन ऑफ दि मैच व मैन ऑफ दि सीरीज अमन नवाब रहे। अंपायर धनंजय शर्मा व प्रिंस कुमार व स्कोरर हिमांशु जूनियर रहे। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका मलिका रानी और विशिष्ट अतिथि अवनीत कौर 2, पूर्व क्रिकेटर अमित श्रीवास्तव, भाजपा उपाध्यक्ष मानव सचदेवा सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन खेलप्रेमी स्व. हरीश कुमार वर्मा के सुपुत्र मानिक वर्मा के द्वारा किया गया और प्रत्येक वर्ष ये प्रतियोगिता कराने का संकल्प लिया। आयोजन समिति के मोहसिन कोच, प्रियांशु सिंह कोच, हिमांशु कुमार, विकास कुमार, आदर्श भरद्वाज का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के फाइनल में बाबू कुमार, आयुष, गुलफाम, परवेज़, सुलभ, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारी पीएम की अपील पर देशहित में बुलियन गोल्ड की बिक्री नहीं करेंगे

### ऑल इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन ने डीएम को दिया आश्वासन




नजीबाबाद (चिंगारी)। ऑल इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में सर्राफा व्यापारियों ने जीएसटी उपायुक्त संजय सिंह एवं जीएसटी उपायुक्त शैलेंद्र वार्ष्णेय के साथ डीएम कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा से मुलाकात कर उनसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सर्राफा व्यापारियों के लिए की गई अपील पर चर्चा की। गोल्ड बुलियन को सेल न करने के विषय में जीएसटी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया। जिस पर सभी व्यापारियों ने आश्वासन दिया कि सर्राफा व्यापारी सदैव देश के साथ खडा है, व्यापारी सदैव देश की कष्ट की स्थिति में देश के साथ रहा है। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो हमसे उम्मीद की है उसमें सर्राफा व्यापारी पूरा पूर्ण रूप से सहयोग देगा तथा गोल्ड बुलियन को विक्रय नहीं करेंगा। सभी सर्राफा व्यापारियों ने साफ कहा कि देश के प्रधानमंत्री की सर्राफा व्यापारियों से जो इच्छा है, उसका पालन करते हुए वह देशहित में बुलियन गोल्ड की बिक्री नहीं करेंगे। अधिकारियों ने सर्राफा व्यापारियों द्वारा दिए गए आश्वासन की प्रशंसा की। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने अधिकारियों से सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा एवं शस्त्र लाइसेंस देने की मांग की। जिस पर डीएम व एसपी ने पूर्ण रूप से सहयोग देने का आश्वासन दिया। वार्ता में नजीबाबाद से मुकुल अग्रवाल, मयंक वर्मा, वैभव सर्राफ एडवोकेट, किरतपुर से मुकुल अग्रवाल, डॉ. प्रखर अग्रवाल, धामपुर से अध्यक्ष योगेश रस्तोगी, अक्षत बंसल, अर्पित सिंघल, राम धनौरिया, पंकज अग्रवाल, बिजनौर से अध्यक्ष अतुल सर्राफ सहित अन्य सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्राफा व्यापारियों ने डीएम जसजीत कौर को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## नगर कल्याण समिति की सराहनीय पहल 'भूखा न सोये कोई' अभियान के तहत लगाया सेवा स्टॉल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर कल्याण समिति द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए शनिवार को 'भूखा न सोए कोई' प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिविल लाइन में पंजाबी कॉलोनी स्थित राम मंदिर के पास, सेवा स्टॉल लगाया गया। इस सेवा अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद एवं असहाय लोगों तक भोजन एवं सहयोग पहुंचाना है, ताकि शहर में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। कार्यक्रम के दौरान समिति के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्थानीय नागरिकों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए समिति को सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति से जुड़े प्रमुख सदस्यों में डॉ. मीना बक्शी, डॉ. के. सी. त्यागी, राजुल त्यागी, हसन अब्बास, राजीव अग्रवाल, छवि कौशल, शिखा गुप्ता, भारत भूषण, सुमन चौधरी, संदीप भटनागर, अनीता चौधरी, संत राम एवं रितेश भटनागर ,शालू, सुमित विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा स्टॉल अब प्रत्येक शनिवार शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक नियमित रूप से लगाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। समिति ने शहरवासियों से भी इस सामाजिक एवं मानवीय अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की है।

## शिक्षिकाओं व छात्राओं को कैंसर से बचाव की जानकारी दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में डब्लूएचओ द्वारा कैंसर पर सेमीनार का आयोजन किया। सेमीनार में लखनऊ से संजीव कुमार वर्मा ने शिक्षिकाओं व छात्राओं को कैंसर से बचाव व प्रारम्भिक पहचान के बारे में बताया। संजीव वर्मा ने बताया कि स्वस्थ्य हवादार वातावरण व एंटीआक्सीडेंट हरी सब्जियां व फलों को अपने आहार से शामिल कर कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बच सकते हैं। संजीव वर्मा ने समस्त छात्राओं को फास्ट फूड, जंक फूड, चाउमीन, कोल्ड ड्रिंक, पिज्जा, सेवन में ना लाने की सलाह दी। कार्यक्रम में शगुफ्ता, बुशरा रहमान, फरहा, रूबी, रूकैया आदि का सहयोग रहा।



### महिला का हलाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना महिला सशक्तिकरण की नई शुरूआत- भट्ट

**देहरादून ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड में हलाला कुप्रथा के खिलाफ दर्ज हुए पहले मामले को अल्पसंख्यक महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत बताया है। पार्टी का कहना है कि यह कदम मुस्लिम समाज की पीड़ित महिलाओं के लिए न्याय और सामाजिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेशवासियों से ऐसी पीड़ित महिलाओं का मनोबल बढ़ाने और उनके समर्थन में आगे आने की अपील की। उन्होंने विपक्षी दलों से भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर महिलाओं के हित में इस सामाजिक बदलाव का हिस्सा बनने का आग्रह किया। मीडिया के माध्यम से जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के एक बड़े वर्ग में तीन तलाक और हलाला जैसी कुरीतियों के कारण महिलाएं लंबे समय से पीड़ा झेल रही हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने तीन तलाक जैसी प्रथा के खिलाफ सख्त कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने का प्रयास किया। साथ ही राज्य में लागू यूनिफॉर्म सिविल कोड (ष्ट) को भी महिलाओं के अधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER
इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# रावली घाट : 1857 की क्रांति का मौन साक्षी

-तैयब अली

17 मई 1857 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का वह दिन है, जब बिजनौर के निकट स्थित रावली घाट ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ उठी क्रांति की एक महत्वपूर्ण घटना को देखा। इसी दिन सरकारी धनराशि ले जा रहे डाक अधीक्षक मिस्टर कुरी को रावली घाट पर क्रांतिकारियों ने लूट लिया था। यह घटना केवल एक लूट नहीं थी, बल्कि अंग्रेजी सत्ता को खुली चुनौती देने वाला साहसिक कदम था।

बिजनौर के पास स्थित रावली घाट केवल गंगा पार करने का मार्ग नहीं, बल्कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर विरासत का प्रतीक है। मेरठ में 10 मई 1857 को भड़की क्रांति की चिंगारी जब बिजनौर पहुंची, तब पूरे क्षेत्र में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह की लहर फैल गई। ऐसे समय में रावली घाट क्रांतिकारियों की आवाजाही, रसद आपूर्ति और हथियारों के गुप्त परिवहन का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया था।

गंगा किनारे स्थित यह घाट उस दौर में क्रांतिकारी रणनीतियों, संदेशों और विद्रोही गतिविधियों का मौन गवाह रहा। इसी मार्ग से विद्रोही सैनिक और स्थानीय क्रांतिकारी गुप्त रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचते थे। पीपे और नावों के माध्यम से हथियार, रसद और संदेशों का आदान-प्रदान होता था, जिससे अंग्रेजों की गतिविधियों पर नज़र रखते हुए आंदोलन को गति दी जाती थी।



इतिहास के झरोखे से...

17 मई की घटना के बाद बिजनौर का वातावरण पूरी तरह विद्रोह में बदल चुका था। क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों का उत्साह लगातार बढ़ रहा था। इसी क्रम में 20 और 21 मई 1857 को विद्रोहियों ने बिजनौर जेल पर धावा बोल दिया। क्रांतिकारियों ने जेल का मुख्य द्वार तोड़कर अंग्रेजी शासन द्वारा बंदी बनाए गए कैदियों को मुक्त करा लिया। यह घटना केवल जेल तोड़ने तक सीमित नहीं थी, बल्कि अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ जनता के खुले विद्रोह का प्रतीक बन गई थी।

कैदियों की रिहाई के बाद पूरे क्षेत्र में क्रांति की लहर और तेज हो गई। स्थानीय जनता, सैनिकों और ग्रामीणों में अंग्रेजों के प्रति असंतोष खुलकर सामने आने लगा। उस समय बिजनौर स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन चुका था, जहां हर ओर आज़ादी की आवाज गूंज रही थी। जेल के टूटे दरवाज़े मानो यह घोषणा कर रहे थे कि अब जनता डरने वाली नहीं, बल्कि लड़ने वाली है।

स्थिति की गंभीरता और स्थानीय जनता के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए बिजनौर के तत्कालीन कलेक्टर एलेक्जेंडर शेक्सपियर ने अपनी जान बचाने के लिए लिखित रूप से बिजनौर का नियंत्रण नजीबाबाद के नवाब महमूद अली खान को सौंप दिया। इसके बाद अधिकांश अंग्रेज अधिकारी मसूरी और रुड़की की ओर पलायन कर गए। आज भले ही समय बदल गया हो, लेकिन रावली घाट की मिट्टी में 1857 के रणबांकुरों के संघर्ष, साहस और स्वतंत्रता की गूंज अब भी महसूस की जा सकती है। यह स्थान आज भी हमें उन वीर क्रांतिकारियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की बाज़ी लगाई।

## शिविर में 100 से अधिक मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से रवा राजपूत धर्मशाला मौहल्ला मकबरा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकित चौधरी के मार्गदर्शन में बाह्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, खून की जांच, औषधि वितरण, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का वैक्सीनेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर उपेंद्र शर्मा, डॉक्टर निकिता सिंह, स्टाफ नर्स श्रीमती भावना चौधरी, शिवि तोमर एएनएम, विशेश्वर, श्रीमती रीना राजपूत, विकेश सिंह, सीमा देवी, नीतू राजपूत आशा, श्रीमती उजाला, रेणु कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उषा देवी तथा आयुष्मान मित्र अभिनव सिंह, मनीष राजपूत, नकुल राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

## शैलेंद्र चौधरी ने गन्ना किसानों के हक के लिए सौंपा संशोधन प्रस्ताव

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने जनपद बिजनौर के विकास व किसानों की समस्याओं को लेकर सराहनीय पहल की है। गन्ना बाहुल्य क्षेत्र बिजनौर की मुख्य समस्या गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के विभिन्न प्रावधानों को लेकर शैलेंद्र चौधरी ने अपनी राष्ट्रीय नेता व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात कर किसानों के हित में प्रभावी पैरवी करते हुए उन्हें संशोधन प्रस्ताव सौंपा है। किसान हितों के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण बिंदुओं में क्षेत्र भ्रमण व जनसंपर्क के दौरान किसानों व क्रेशर संचालकों से मिले फीडबैक के आधार पर जिला अध्यक्ष ने निम्नलिखित सुधारों की मांग की है। जिसमें सटीक मूल्य निर्धारण गन्ने का रेट तय करते समय केवल चीनी ही नहीं, बल्कि उससे निकलने वाले सह-उत्पादों (शीरा, बिजली, प्रेस मड आदि) की आय को भी आधार बनाये, ताकि किसानों को फसल का सही लाभकारी मूल्य मिल सके। इसके अलावा दो चीनी मिलों के बीच की दूरी संबंधी पुरानी बाध्यताओं को समाप्त करने, कोल्हू व क्रेशर संचालकों को अनावश्यक कानूनी जटिलताओं व इंस्पेक्टर राज से बचाते हुए, इनके संचालन के अधिकार राज्य सरकारों को देने, किसानों को उनके भुगतान की स्थिति जानने के लिए एक पारदर्शी डिजिटल प्रणाली विकसित करने आदि की मांगें की गई। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जिला अध्यक्ष द्वारा उठाए गए इन तकनीकी व नीतिगत बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि वे इन सुझावों को भारत सरकार के समक्ष मजबूती से रखेंगी।



## पुरुषोत्तम मास : आत्मशुद्धि, साधना और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्ति का दुर्लभ अवसर

सिविल लाइंस स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के सुप्रसिद्ध ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास, जिसे अधिक मास अथवा मलमास भी कहा जाता है, अत्यंत पवित्र और पुण्य फलदायी माना गया है। वर्ष 2026 में यह पावन मास 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस अवधि में भगवान विष्णु, विशेष रूप से श्रीकृष्ण एवं श्रीहरि नारायण की उपासना का विशेष महत्व बताया गया है।



**क्या है पुरुषोत्तम मास?** – हिन्दू पंचांग चंद्रमा और सूर्य दोनों की गति पर आधारित है। चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष लगभग 365 दिनों का। इस प्रकार दोनों में लगभग 11 दिनों का अंतर आ जाता है। यही अंतर लगभग 32 माह 16 दिन में एक अतिरिक्त महीने के रूप में जुड़ जाता है, जिसे 'अधिक मास' कहा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से यह कैलेंडर संतुलन की एक अद्भुत व्यवस्था है, जिससे ऋतुएं और पर्व अपने सही समय पर बने रहते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिस चंद्र मास में सूर्य की कोई संक्रांति नहीं होती, वही अधिक मास कहलाता है। यही कारण है कि इसे खगोलीय एवं धार्मिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है।

**क्यों कहलाता है 'पुरुषोत्तम मास'?** – पुराणों के अनुसार जब इस अतिरिक्त मास को कोई देवता स्वीकार नहीं कर रहा था, तब भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम देकर 'पुरुषोत्तम मास' घोषित किया, तभी से यह मास भगवान श्रीहरि को समर्पित माना गया। पद्म पुराण में इसका विशेष महात्म्य वर्णित है।

**आध्यात्मिक महत्व** – पुरुषोत्तम मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं, बल्कि आत्ममंथन, संयम और साधना का भी अवसर है। यह मास मनुष्य को भौतिक जीवन की भागदौड़ से हटाकर आध्यात्मिक उन्नति की ओर प्रेरित करता है।

**इस मास में-** जप, तप, दान और व्रत का फल अनेक गुना बढ़ जाता है। भगवान विष्णु की आराधना से मानसिक शांति प्राप्त होती है। नकारात्मकता एवं पाप कर्मों का क्षय होता है। घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आत्मबल में वृद्धि होती है।

**पूजा विधि** – प्रतिदिन प्रात: स्नान के बाद स्वच्छ पीले या सफेद वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल पर भगवान विष्णु अथवा श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर दीप, धूप, पीले पुष्प, तुलसी दल और नैवेद्य अर्पित करें। इसके बाद विष्णु मंत्रों का जाप करें तथा दिनभर सात्विक आचरण रखें। सायंकाल तुलसी के समक्ष दीपदान करना अत्यंत शुभ माना गया है।

**क्या करें और क्या न करें?** – दान-पुण्य करें। गौसेवा एवं अन्नदान करें। गरीबों एवं जरूरतमंदों की सहायता करें। सत्संग, कथा एवं भजन करें। संयमित एवं सात्विक जीवन अपनाएं। विवाह, गृहप्रवेश, मुंडन, मांगलिक कार्य आदि करने शुभ नहीं माने जाते।

**पुरुषोत्तम मास में बनने वाले शुभ योग** – वर्ष 2026 का पुरुषोत्तम मास विशेष रूप से आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली माना जा रहा है। इस अवधि में अनेक शुभ योग, एकादशी, पूर्णिमा तथा दान-पुण्य के श्रेष्ठ अवसर प्राप्त होंगे। विशेष रूप से पुरुषोत्तम पूर्णिमा, एकादशी तिथियां, रवि योग तथा सर्वार्थ सिद्धि योग साधना और उपासना के लिए अत्यंत फलदायी माने जा रहे हैं।

पुरुषोत्तम मास केवल एक अतिरिक्त महीना नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, भक्ति और आध्यात्मिक जागरण का दिव्य अवसर है। वैज्ञानिक दृष्टि से यह कालगणना का संतुलन है, जबकि धार्मिक दृष्टि से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ समय। इस मास में श्रद्धा, सेवा, दान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है। सनातन परंपरा में कहा गया है कि पुरुषोत्तम मास में किया गया प्रत्येक शुभ कर्म अक्षय फल प्रदान करता है। अत: यह मास आत्मिक उन्नति और ईश्वर से जुड़ने का श्रेष्ठ समय माना गया है।



**-अभिलाष शर्मा**
**सिविल लाइंस, पंजाब नैशनल बैंक के बराबर में विष्णुलोक, बिजनौर, 9457563232**

# श्री हनुमान धाम पर धूमधाम से मनाई गई शनिदेव जी की जयंती





**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में भगवान श्री शनिदेव जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम पर कल प्रातः 10 बजे हवन-पूजन शुरू हुआ, जिसके मुख्य यजमान व्यापारी नेता नरेश कालरा उनकी धर्मपत्नी डेजी कालरा रहे। पूरे दिन धाम में शनिदेव जी कि जय-जय कार होती रही। दोपहर 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ, जिसमें देर शाम 6 बजे तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान श्री शनिदेव जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर धाम को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी, शुभ रघुवंशी, नीरज चौधरी, सुशील कर्णवाल, डॉ. संजय गौड़, सुनील सलूजा, सतीश त्यागी, नवनीत चौधरी, राजेंद्र गौतम, भाजपा नेता अनूप बाल्मीकि, गौरव पाराशर, जितेंद्र मलिक, भीष्म राजपूत, योगेंद्र राजपूत, ललित राजपूत, पूर्व प्रमुख राजभर सिंह, कांति शर्मा, मयंक अग्रवाल, थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी, नवदीप सिंह एडवोकेट आदि लगभग 4000 भक्तों ने धाम पर प्रसाद ग्रहण किया। अंत में धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान पत्रकार व संयोजक हनुमान सिंह चौहान एडवोकेट ने सभी भक्तों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

**4 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया**

# ट्रैक्टर-ट्राली चुराकर हो गया था फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगार )।** चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस ने बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बुधवार को विकार आलम निवासी मौहल्ला पीर शहीद काला थाना नहटौर ने तहरीर देकर बताया था कि ग्राम फैजुल्लापुर निवासी नौमान अंसारी मंगलवार की शाम को अपने निजी कार्य के लिये उसका ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आए थे। कार्य पूरा होने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को ग्राम प्रधान के घर के सामने खड़ा कर दिया गया था, लेकिन बुधवार सुबह जब लोग जागे तो ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके से गायब था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक्टर-ट्राली बरामद करते हुए मौ. इदरीस पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम मासूमपुर थाना डिलारी, जनपद मुरादाबाद को चोरी किये गये ट्रैक्टर सोनालिका, टिप्लर सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में एसआई समय पाल सिंह, ब्रजपाल सिंह, अंशुल, पंकज ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

# पूर्व सैनिकों का मासिक शिविर 20 मई को

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय लैंसडौन की ओर से 20 मई को जयहरीखाल ब्लॉक के ग्राम ढौंटियाल में मासिक शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन एसपी सती ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिक आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक सम्पन्न

**धामपुर ( चिंगारी )। विकास खंड अल्हैपुर धामपुर के डबाकरा हाल में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिला अध्यक्ष राजकुमार, जिला उपाध्यक्ष निपेंदर कुमार, जिला राजस्व प्रमुख देवेन्द्र दत्त शर्मा, जिला विद्युत प्रमुख राहुल शर्मा, खण्ड सदस्य संजीव कुमार, खण्ड उपाध्यक्ष पंकज, अंकुश, समद, खण्ड मंत्री धर्मेन्द्र कुमार द्वारा भारतीय किसान संघ की रीति नीति व संगठन की विशेषताओं तथा गांव समिति द्वारा संगठन को विस्तार देने व आने वाले 2027 में धामपुर खंड में शत प्रतिशत ग्राम समिति गठन करने पर बल दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी से ग्रामों में सफाई की समस्या को लेकर चर्चा हुई।**

# दानिश अख्तर को चुनाव जिताने के लिये पार्टी ने तेज की तैयारियां

**मुरादाबाद ( चिंगारी )। शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी की एक बड़ी बैठक मुरादाबाद के एक बैंकट हॉल में आयोजित की गई, जिसमें शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर की जीत के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और पदाधिकारियों ने चुनाव में पूरी ताकत लगाने का संकल्प लिया।**



बैठक में मुरादाबाद मंडल के प्रभारी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान, विधायक तसलीम अंसारी, संभल जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान, बिजनौर जिले के प्रभारी विधायक पंकज मलिक, विधायक रामअवतार सैनी, विधायक स्वामी ओमवेश, विधायक कमाल अख्तर, विधायक समरपाल सिंह, पूर्व सांसद यशवीर सिंह, पूर्व विधायक नईमुल हसन, जिला अध्यक्ष बिजनौर हनी फैसल, पूर्व जिला अध्यक्ष बिजनौर जाकिर हुसैन, अनिल यादव, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद साइम राजा, पूर्व कोषाध्यक्ष बिजनौर सतपाल सिंह, वरिष्ठ नेता अफजल उल हक अहमद, फैसल खान, पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान, विधायक प्रतिनिधि इकबाल सुहेल, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद जयवीर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष अमरोहा मस्तराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी अमरोहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रफी सैफी बिजनौर, जिलाध्यक्ष संभल असगर अली अंसारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी, शंखधार जिला महासचिव बिजनौर धनंजय यादव, सचिव बिजनौर पूर्व जिला अध्यक्ष अमरोहा निरमोज यादव, रोहिल अल्ताफ, धनंजय यादव, वरिष्ठ सफलता डॉक्टर रहमान एहसास समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )। शुक्रवार को ग्राम फैजुल्लापुर निवासी अनिल चन्द्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी मोटर साइकिल चोरी हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। जांच पड़ताल के बाद अफरीदी पुत्र इस्लामुद्दीन, वामिस पुत्र शमीम अहमद निवासीगण मौ.अफगानान सहसपुर निवासी को चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लैण्डर प्लस सहित गिरफ्तार किया गया। बाइक बरामदगी के आधार पर धारा की वृद्धि की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में एसआई अरुण कुमार, अमजद अली, राजू दिवाकर, मोनू, योगेश आदि मौजूद रहे।**

# हाजी जियाउद्दीन अंसारी, अब करेंगे साइकिल की सवारी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।



शनिवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हाजी जियाउद्दीन का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि इनके पार्टी में शामिल होने से पीडीए परिवार पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक बिजनौर में ओर मजबूत होगा। जितना परिवार बढ़ेगा उतनी ही ताकत से हम 2027 के चुनाव में भाजपा को परास्त करेंगे। हाजी जियाउद्दीन ने कहा कि उन्होंने करीब दो दशक तक बहुजन समाज पार्टी में रहकर काम किया, लेकिन बसपा में लोकतांत्रिक तरीके से काम करने का अवसर नहीं मिलता था।

**बसपा छोड़ सपा का दामन थामा**

# चुनाव की तैयारी में झोंक दें जान, मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुं मायावती को 5वीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने के लिए कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जी जान से जुट जाने का आह्वान किया गया। ग्राम गंधोर स्थित अंबेडकर धर्मशाला में सेक्टर अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता एवं मो. मोनिस के संचालन में आयोजित बैठक में बसपा के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। उन्होंने बसपा सरकार में कराये गये विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बसपा सरकार में उत्तर प्रदेश में जितना चहुंमुखी विकास हुआ, उतना विकास किसी भी सरकार में नहीं हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को ओर अधिक मजबूत बनाये जाने का आह्वान किया।



विधानसभा प्रभारी चेतराम सिंह ने मायावती को 5वीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह ने बूथ कमेटी को मजबूत बनाये जाने का आह्वान किया। बैठक में प्रभात कुमार, मोहम्मद मोनिश खान, मोहम्मद कादिर खान, रामपाल सिंह, बबलू सिंह, संजय कुमार, बाबू खान, मोहम्मद कादिर, गफ्फार अहमद ,जब्बार खान, कलवा सिंह, लल्लू सिंह, चरण सिंह, रामपाल सिंह, मुकेश कुमार, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, हरपाल सिंह, डा. अमित कुमार आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्मल दीपमाला विद्यालय में हुआ संगीत कार्यशाला का आयोजन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** निर्मल दीपमाला विद्यालय में विद्यालय के संस्थापक महंत राम सिंह जी महाराज, व्यवस्थापक संत जोध सिंह जी महाराज सभागार में संगीत कार्यशाला का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के

## डा. निवेदिता सिंह ने विद्यार्थियों को दी रागों की विस्तृत जानकारी

साथ किया गया। तबले की जटिल तालों, सूक्ष्म लयों तथा अद्भुत कौशल के धनी विश्व प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद मोहम्मद अकरम खान ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषिकेश के विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता कृष्णा स्वामी ने मुख्य अतिथि व अन्य




डा. निवेदिता सिंह व तबलावादक मौ. अकरम खान को सरोपा भेंट करते संत जोध सिंह महाराज

अतिथियों का स्वागत किया। दीप प्रज्वलन के साथ मूल मंत्र, गायत्री मंत्र तथा शबद गायन से कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। डॉ. निवेदिता सिंह प्रोफेसर पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला समारोह का मुख्य आकर्षण रहीं। उनकी मधुर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञातव्य है कि डॉ.निवेदिता सिंह ने संगीत कार्यशाला में निर्मल ज्ञान दान एकेडमी, डी.एस.बी, होली एंजेल, फुटहिल्स विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को रागों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिये। संत जोध सिंह महाराज ने मुख्य अतिथि उस्ताद मोहम्मद अकरम खान एवं डॉ निवेदिता सिंह को सरोपा और विद्यालय का स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्रीमती नीरजा त्रिवेदी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।भरत महाराज, आत्म प्रकाश बाबू, स. हरमन सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, बाबा हसन वीर सिंह, बलविंदर सिंह, मंजीत सिंह, गुरजिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, डॉ. अवतार कौर, दिनेश पंवार, महेश सूद श्री चमन पोखरियाल, विद्यालय के चेयरमैन डॉ एस. एन. सूरी, श्रीमती रेणु सूरी, निर्मल ज्ञान दान अकादमी की प्रधानाचार्या डॉ सुनीता शर्मा, प्रधानाध्यापिका अमृतपाल डंग, तरन्नुम खान, श्रीमती लक्ष्मी पोखरियाल तथा निर्मल आश्रम के विभिन्न संस्थाओं से आए कार्यक्रम के साक्षी बने।

## आईटीडीए ने किया रोजगार मेले का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) व सैनिक कल्याण विभाग के तत्वावधान में आईआरडीटी सभागार देहरादून मे रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें आईटीडीए कैल्क संस्थान कोटद्वार के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। संस्थान के निदेशक डॉ नन्द किशोर जखमोला और जनसंपर्क अधिकारी अरविंद दुदपुड़ी ने बताया कि रोजगार मेले मे आईटी एवं अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं के साथ पूर्व सैनिक के आश्रितों ने भी प्रतिभाग किया। 359 युवाओं ने रोजगार मेले मे हिस्सा लिया जिनमे से 195 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों के लिए किया गया। बताया कि सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस उपलब्धि पर संस्थान की सह निदेशिका अनीता जखमोला सहित सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## कोटद्वार के कैमिस्ट भी 20 को बंद रखेंगे अपने प्रतिष्ठान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की ओर से अवैध ई फार्मेसी संचालन सहित अपनी अन्य समस्याओं का समाधान न होने पर 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है। इस संबध में संगठन के आनुसंगिक संगठन कोटद्वार कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आर्गनाइजेशन की ओर से औषधि व्यापार व जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले मुद्दों को विभिन्न प्राधिकरणों के समक्ष उठाने के बाद भी मुद्दों का निराकरण नहीं हो पाया है। इसलिए इन सब समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया है। कहा कि इस दिन दवा व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे।

## ग्रामों के आंतरिक मार्गो के निर्माण के लिए विधायक निधि से 29 लाख रूपये दिये

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने क्षेत्रीय विकास को गति देते हुए श्यामपुर मंडल के भट्टोवाला एवं गुमानीवाला ग्राम सभा के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक मे आंतरिक मार्गों के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने ऋषिकेश स्थित अपने कैंप कार्यालय में विधायक निधि से लगभग 29 लाख रुपये देने की घोषणा की। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण मार्गों का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इन मार्गों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को बल मिलेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं इस अवसर पर श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल, मंडल महामंत्री सतपाल राणा, रविंद्र रमोला, जितेंद्र नेगी, गणेश राणा, ओम बहादुर, पंकज भट्ट, राज कोठारी, विपिन बिजलवान, अमन नेगी, उदय



वर्मा, आर.के. शर्मा, सुप्रिया शर्मा आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ की मांगों को समर्थन दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** **अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन, उत्तराखंड ने प्रादेशिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, उत्तराखंड की 13 सूत्रीय मांगों को अपना नैतिक समर्थन दिया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने बताया कि संघ द्वारा शिक्षक हित, शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षकों की न्यायोचित समस्याओं के समाधान हेतु उठाई गई मांगें शिक्षक समाज के हित में हैं। इसलिए संगठन की ओर से संघ की मांगों को नैतिक समर्थन दिया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शासन व विभाग संघ की मांगों पर विचार कर सकारात्मक निर्णय लेगा।**

## परिवार में किसी भी मनमुटाव को अधिक समय तक नहीं बढ़ाना चाहिये : उपेन्द्र सिंह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गीता नगर केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर परिवार में सुखी जीवन का रहस्य विषय पर एक आध्यात्मिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमांडर उपेन्द्र सिंह चौमा, सूबेदार मेजर धीरेंद्र रावत, बी.के.आरती दीदी एवं

### ब्रह्माकुमारी केन्द्र पर मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

बी.के. निर्मला दीदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि कमांडर उपेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्व समय में परिवार संयुक्त हुआ करते थे, किंतु आज परिवारों में एकाकीपन बढ़ता जा रहा है। भाई-बहनों एवं माता-पिता से मिले में वर्षों व्यतीत हो जाते हैं, जिससे संबंधों में दूरियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मनमुटाव को अधिक समय तक नहीं बढ़ाना चाहिए, तभी



परिवार सुखी एवं राष्ट्र समृद्ध बन सकता है ऋषिकेश केंद्र प्रभारी बी.के. आरती दीदी ने कहा कि परिवारों में विघटन का प्रमुख कारण अहंकार है। उन्होंने कहा कि परिवार में स्नेह, सेवा, सहयोग, सम्मान, सहनशीलता, सहानुभूति एवं शुभभावना, शुभकामना जैसे गुण ही सुख-शांति और खुशहाली का आधार हैं। सूबेदार मेजर धीरेंद्र रावत ने राजयोग शिविर में प्राप्त अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से उन्होंने क्रोध पर नियंत्रण रखना, क्षमा करना तथा प्रत्येक परिस्थिति में स्वयं को संतुलित बनाए रखना सीखा है। बी.के. निर्मला दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में परिवार की परिभाषा तेजी से बदल रही है। आज मोबाइल संस्कृति के कारण परिवार के सदस्य साथ होकर भी मानसिक रूप से एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बी.के. विनीता बहन द्वारा प्रेरणादायी कविता तथा बी.के. पुष्पांजलि द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से पारिवारिक एकता, प्रेम एवं संस्कारों का संदेश भाई-बहनों तक पहुंचाया गया।

## तीन पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो आये पुलिस के हाथ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने दैनिक चेकिंग के दौरान लगभग तीन पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी के दिशा-निर्देशन में पुलिस की ओर से नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं नशा तस्करी की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में दैनिक चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को लगभग तीन पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दोनों व्यक्तियों को दुर्गापुरी एवं डिग्री कॉलेज रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम दिनेश पंत,निवासी कोटद्वार व रोहित भाटिया, निवासी-काशीरामपुर कोटद्वार बताया। मौके पर दिनेश पंत के कब्जे से 62 पव्वे सोलमेट व्हिस्की व रोहित भाटिया के कब्जे से 72 पव्वे सोलमेट ब्लैक व्हिस्की बरामद हुई। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701